यूटीयू व नैसकॉम में एमओयू साइन

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

देहरादून।

■ छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों में ट्रेनिंग प्रोग्राम के माध्यम से तकनीकी कौशल किया जाएगा विकसित

वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) और नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विस कंपनीज (नैसकॉम) के बीच शुक्रवार को विश्वविद्यालय परिसर में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने कहा कि विवि और नैसकॉम के बीच हुए द्विपक्षीय समझौते में विवि के छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों को ट्रेनिंग प्रोग्राम के माध्यम से वर्तमान में उभरती तकनीकी से उनके कौशल को विकसित करना है। उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग, फार्मेसी, मैनेजमेंट और विधि के छात्रों को डिजिटल माध्यम उद्योगों से संबंधित कौशल को सीखने में सहायता मिलेगी। एमओयू का उद्देश्य इस क्षेत्र में पारस्परिक रूप से उत्तराखंड राज्य के विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थानों में अध्ययनरत छात्रों में नवाचार व उद्यमिता में सहयोग करना है।

इस मौके पर विवि के कुलसचिव डा. सत्येंद्र सिंह, वित्त नियंत्रक विक्रम सिंह जंतवाल और नैसकॉम के हैड स्ट्रैटिजी एंड ऑपरेशन डा. उपमिथ सिंह, आदित्य नायर आदि मौजूद थे।

समझौता हस्ताक्षर के दौरान यूटीयू व नैसकॉम के प्रतिनिधि।